सरहानीय कार्य दिनांक 01-12-2022 जनपद फिरोजाबाद।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए 48 घंटे के अंदर अभियुक्त रिंकू को आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर भेजा जेल।

- **ई रिक्शा चार्जिंग के 05 महिने के बकाए रूपयों को लेकर हुआ था विवाद जिसमें अभियुक्त रिंकू द्वारा कु0 हनी गुप्ता के सिर में प्लास से किया था वार।**

दिनांक 28/11/22 को वादी गौरव गुप्ता पुत्र श्री रामशंकर गुप्ता निवासी पंजाबी कालोनी कटरा मीरा थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद की अपनी बहन हनी गुप्ता की हत्या के सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर थाना शिकोहबाद पर मु0अ0सं0 936/22 धारा 302 भादवि बनाम रिन्कू दिवाकर पुत्र रामगोपाल निवासी ज्ञान भारती स्कूल वाली गली थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा हत्या करने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक देहात के निर्देशन एंव क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल पर्यवेक्षण में 03 टीमों का गठन किया गया।

थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 30-11-2022 को मुखबिर की सूचना पर हत्या करने वाले अभियुक्त रिंकू उपरोक्त को बस स्टैड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मै अपना ई रिक्शा चार्ज करने हेतु राम शंकर के बने गैराज मे लेकर आया था तभी मृतका कु0 हनी गुप्ता द्वारा मुझसे 05 महीने के किराए 7500 रुपये मांगे और हम दोनो मे कहासुनी होंने लगी तभी कहासुनी में मैने गुस्से में रिक्शा से प्लास को निकालकर हाथ मे लेकर हनी गुप्ता के सिर पर पीछे से जोरदार प्रहार कर दिया जिससे हनी गुप्ता लहुलुहान होकर गिर पडी और मैं वहाँ से प्लास लेकर भाग गया। अभियुक्त की निशांदेही पर आलाकत्ल प्लास को बरामद कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1-रिन्कू दिवाकर पुत्र रामगोपाल निवासी ज्ञान भारती स्कूल वाली गली थाना शिकोहाबाद।

बरामदगी का विवरण –

1-आला कत्ल एक अदद प्लास लोहे से बना।

गिरफ्तार/बरामद करने वाली पुलिस टीमः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री हरवेन्द्र कुमार मिश्रा थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 श्री अशेष कुमार चौकी प्रभारी मंडी थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 श्री पुष्पेन्द्र कुमार चौकी प्रभारी खेडा थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 श्री विक्रान्त तोमर चौकी प्रभारी आर्दश नगर थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
5. है.का. 729 संतोष कुमार थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।
6. का0 262 रवीश थाना शिकोहाबाद फिरोजाबाद।